तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 23. 0 डिग्री

# हरिभूमि जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 2 अप्रैल 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

2

250 करोड़ के निगोसिएशन के बाद भेल ने हासिल किया विस्तार संयंत्र का काम



## खबर संक्षेप

### तीन दिवसीय माता कौशल्या महोत्सव आज से

**कोसला-पामगढ़।** माता कौशल्या जन्मभूमि कोसला धाम में तीन दिवसीय माता कौशल्या महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव में श्रीरामचरितमानस की कथामृत धारा बुधवार 2 अप्रैल से शुक्रवार 4 अप्रैल तक प्रवाहित होगी। इस आयोजन में क्षेत्र के सुविख्यात मानस कलाकारों की अनुकरणीय प्रस्तुति होगी। साथ ही पूज्य साधूं-संतों, क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधियों को निमंत्रण दिया गया है। यह आयोजन गांव के प्रमुख गणमान्य नागरिक द्वारा कराई जा रही है। तीन दिवसीय माता कौशल्या महोत्सव आयोजन स्थल माता कौशल्या देवी मंदिर परिसर को रखा गया है, जहां नवरात्रि के अवसर पर मां महामाया देवी मंदिर में नवरात्र उत्सव भी मनाया जा रहा है।

### 6 दिवसीय एक्यूप्रेशर शिविर का आयोजन आज से

**अकलतरा।** अग्रवाल सेवा समिति अकलतरा के तत्वाधान में 6 दिवसीय एक्युप्रेशर निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन 2 अप्रैल से 7 अप्रैल तक मस्जिद रोड स्थित श्री अग्रसेन भवन में आयोजित किया जा रहा है। अग्रवाल सेवा समिति के अध्यक्ष विजय केडिया ने बताया कि शिविर में एक्युप्रेशर रिसर्च ट्रेनिंग व ट्रीटमेंट संस्थान जोधपुर के विशेषज्ञों द्वारा एक्युप्रेशर, बाईब्रेशन, सुजोक, नेचुरल चिकित्सा पद्धाति द्वारा जटिल बीमारियों का इलाज निःशुल्क किया जायेगा। इस दौरान बिना दवाई के केवल एक्युप्रेशर प्वाइंट से मरीज का उपचार किया जायेगा। शिविर का आयोजन 2 से 7 मार्च तक किया जायेगा। शिविर में जोधपुर राजस्थान के विशेषज्ञ डॉ. गोरधन चौधरी व भौमराज चौधरी के मार्गदर्शन में एक्युप्रेशर चिकित्सा पद्धति द्वारा जटिल से जटिल रोग जैसे घुटनों का दर्द, मोटापा, ब्लडप्रेशर, शुगर, गैस, कब्ज, सरवाइकल दर्द, कमर दर्द, जोड़ो का दर्द, पुराना सरदर्द, साईटिका, आँख, कान, नाक, गले का रोग, वैरिकोज वैन्स, लकवा, मस्सा बवासीर, मानसिक तनाव, डिप्रेशन सहित अन्य उपचार किया जाएगा। शिविर सुबह 8:30 से 12:30 बजे तक तथा शाम को 4 से 8 बजे तक संपन्न होगा। 6 दिवसीय शिविर में प्रतिदिन मरीज को 15 से 20 मिनट एक्युप्रेशर पद्धति से उपचार किया जायेगा।

### आकांक्षा आवासीय कोचिंग में में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** आकांक्षा कार्यक्रम अंतर्गत वर्ष 2025-26 में 11वीं कक्षा में अध्ययनरत आर्थिक रूप से कमजोर छात्र/छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर की इंजीनियरिंग, मेडिकल से संबंधित प्रवेश परीक्षाओं में सफल होने हेतु 2 वर्षीय पाठ्यक्रम हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है।

# छत्तीसगढ़ी और उड़िया संस्कृति का अद्भुत समागम है महानदी तट के पहाड़ी पर चंद्रहासिनी दरबार में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

महानदी के तट पर छोटी पहाड़ी के ऊपर मां चंद्रहासिनी के दरबार में छत्तीगढ़िया और उड़िया संस्कृति का अद्भुत समागम देखने को मिलता है। छत्तीसगढ़ के सबसे प्राचीन मंदिरो में से मां चंद्रहासिनी की प्रतिमा चंद्रमा के आकार की है। इसलिए इसका नाम चंद्रहासिनी पड़ा। ऐसी भी मान्यता है कि संबलपुर के राजा ने यहां मंदिर का निर्माण कराया था।

छत्तीसगढ़ राज्य के नवगठित सक्ती में स्थित चंद्रहासिनी देवी मंदिर रायगढ़ व नवगठित जिला सारंगढ़ से जुड़ा हुआ है। यहीं से उड़ीसा राज्य की सीमा भी प्रारंभ होती है, जिसकी झलक चंद्रपुर से ही दिखलाई पड़ती है। छत्तीसगढ़ के प्रमुख शक्तिपीठों में एक चंद्रहासिनी मंदिर में दैनिक अनुष्ठानों के अलावा, मंदिर विशेष रुप से उन पूजाओं के लिए जाना जाता है जो नवरात्रि के दिनों में यहां आयोजित की जाती है। नवरात्रि के नौ दिनों में यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या सबसे अधिक होती है। ऐसा कहा जाता है कि चंद्रमा के आकार की विशेषताओं की वजह से उन्हें चंद्रहासिनी और चंद्रसेनी के नाम से जाना जाता है। बताया जाता है कि चंद्रसेनी देवी ने सरगुजा को छोड़ दिया और उदयपुर और रायगढ़ होते हुए महानदी के किनारे चंद्रपुर की यात्री की। महानदी कि पवित्र शीतल धारा से प्रभावित होकर माता रानी विश्राम करने लगी। इसके बाद उन्हें नींद आ गई। सालों व्यतीत हो जाने के बाद उनकी नींद नहीं खुली। एक बार संबलपुर के राजा की सवारी यहां से गुजरी। चंद्रसेनी देवी पर उनके गलती से पैर लग जाने से चोट लग गई, जिससे वे जाग गई। फिर एक दिन देवी ने उन्हें सपने में दर्शन दिए और उन्हें एक मंदिर बनाने और वहां एक मूर्ति स्थापित करने के लिए कहा। दूसरी मान्यता के अनुसार देवी के आदेश को मानते हुए राजा चंद्रहास ने महानदी के तट पर पहाड़ी के ऊपर मां चंद्रहासिनी के मंदिर का निर्माण कराया, इसके साथ ही उन्होंने मां चंद्रहासिनी की छोटी बहन मां नाथलदाई के मंदिर का निर्माण नदी के बीच टापू पर करवाया। मां नाथलदाई का मंदिर नदी के बीच टापू पर बना है, लेकिन चाहे नदी में कितनी भी बाढ़ हो मां का मंदिर कभी नहीं डूबता है। खास बात यह है कि छत्तीसगढ़ और उड़ीसा राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र में होने के कारण मां चंद्रहासिनी के दरबार में छत्तीसगढ़ी और उड़िया संस्कृति का समावेश भी देखने को मिलता है। यहां दोनों राज्यों से श्रद्धालुओं का जत्था सैकड़ों की तादद में पहुंचता है।

## नवरात्रि पर दोनों राज्यों से पहुंचती है भीड़, लगता है मेला

### मंदिर में है अद्भुत झांकिया

मंदिर के प्रांगण में अर्धनारीश्वर, महाबलशाली पवन पुत्र, कृष्ण लीला, चीरहरण, महिषासुर वध, चार धाम, नवग्रह, सर्वधर्म सभा, शेषनाग बिस्तर और अन्य देवी देवताओं की भव्य मूर्तियां दिखाई देती है। इसके अलावा शीश महल, तारा मंडल, मंदिर के मैदान पर एक चलती हुई झांकी महाभारत काल को जीवंत तरीके से दर्शाती है। जिससे लोगों को महाभारत के पात्रों औक कथानक के बार में जानकारी मिलती है।





**108 दीपों के साथ महा आरती**

आरतीनवरात्रि पर्व के दौरान 108 दीपों के साथ महाआरती में शामिल होने वाले भक्त मां के अनुपम आशीर्वाद का हिस्सा बनते हैं। नवरात्रि के दौरान भक्त नंगे पांव मां के दरबार में पहुंचते हैं और कर नापकर मां कि विशेष कृपा अर्जित करते हैं।

### बढ़ी फार्मर रजिस्ट्री की अवधि, 20 हजार कर रजिस्ट्रेशन शेष, 41 हजार का एप्रूवल लंबित

# तय समय सीमा में नहीं हो सका किसान पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

शासन द्वारा आधार कार्ड की तर्ज पर किसानों के लिए बनाए जा रहे किसान कार्ड के लिए पंजीयन का काम निर्धारित समय सीमा में पूरा नहीं हो सका। लक्ष्य के अनुसार 31 मार्च तक सभी किसानों का पंजीयन होना था, लेकिन जिले में 20 हजार से अधिक किसानों का पंजीयन नहीं हो सका है। वहीं 41 हजार का एप्रूवल होना बाकी है। ऐसी स्थिति में जहां पंजीयन की अवधि तो बढ़ाई ही गई है।

गौरतलब है कि शासन द्वारा आधार कार्ड की तर्ज पर किसानों के लिए किसान कार्ड बनाया जा रहा है। यह प्रक्रिया पिछले महीनों से चली आ रही है। निर्धारित लक्ष्य के अनुसार जांजगीर-चांपा जिले में 1 लाख 28 हजार 524 किसानों का पंजीयन होना था। इसके लिए 31 मार्च तक का समय




निर्धारित किया गया था। इस दौरान जिले में 1 लाख 6 हजार 609 किसानों का पंजीयन हो सका। जबकि 22 हजार के करीब किसानों का पंजीयन नहीं हो सका। यही नहीं इससे दोगुने का एप्रूवल भी लंबित है। ऐसी स्थिति में किसान पंजीयन की अवधि बढ़ाई गई है। साथ ही स्थिति को देखते हुए अब फार्मर रजिस्ट्रेशन में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए गए है। बताया जाता है कि जिले में 21 मार्च की स्थिति में 1 लाख 6 हजार 609 का पंजीयन हुआ था,जबकि 1 अप्रैल को यह आंकड़ा 1 लाख 8 हजार 326 पहुंच गया। इस हिसाब से देखा जाए तो अभी भी 20 हजार 198 किसानों का पंजीयन नहीं हो सका है। दूसरी ओर पंजीयन और एप्रूवल के आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो च्वाइस सेंटर के माध्यम से जितने लोगों का रजिस्ट्रेशन हुआ है उनमें से 66 हजार 873 का एप्रूवल हुआ है, बाकी के 41 हजार 453 किसानों के पंजीयन का एप्रूवल लंबित है।

### चल रही प्रक्रिया

1 लाख 28 हजार से अधिक किसानो का फार्मर रजिस्ट्रेशन करने का लक्ष्य मिला है। वहीं 1 लाख 8 हजार 326 किसानो का पंजीयन पूरा कर लिया गया है। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए किसानो को जागरूक किसा गया है।

-विनय पटेल, अधीक्षक, भू अभिलेख शाखा, जांजगीर चाम्पा

### फार्मर रजिस्ट्री पंजीयन पर एक नजर

किसानो के फार्मर रजिस्ट्री पंजीयन पर एक नजर डाली जाए तो मंगलवार 1 अप्रैल की स्थिती में तहसील शिवरीनारायण में 11 हजार 126 किसानो का पंजीयन हुआ वही अभी 473 किसानो का पंजीयन करना बाकि है। नवागढ तहसील में 12 हजार 299 का पंजीयन हो चुका है। वहीं 1 हजार 610 किसानो का पंजीयन करना बाकि है। पामगढ तहसील में 23 हजार 768 किसानो का पंजीयन हो चुका है। जबकि अभी 2 हजार 711 का पंजीयन बाकी है। चाम्पा तहसील के अंतर्गत 2 हजार 797 का पंजीयन हो चुका है। वही अभी 156 किसानो का रजिस्ट्रेशन किया जाना बाकि है। जांजगीर तहसील में 14 हजार 595 का पंजीयन हो चुका है। वही 1 हजार 857 किसानों का पंजीयन करना बाकी है। बम्हनीडीह तहसील में 8 हजार 560 का पंजीयन हो चुका है। जबकि अभी 1 हजार 352 का पंजीयन करना बाकि है। बलौदा तहसील में 11 हजार 298 का टारगेट पूरा हो चुका है। अभी 3 हजार 105 किसानो का पंजीयन करना बाकी है। सारागांव तहसील में 8 हजार 295 किसानो का रजिस्ट्रेशन किया गया वही 2 हजार 371 किसानो का पंजीयन करना अभी बाकी है। अकलतरा तहसील में 15 हजार 588 कृषको का पंजीयन हो चुका है। वही 6 हजार 563 किसानो का रजिस्ट्रेशन बाकि है।

# सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने वाहनों का तैयार कर रहे रजिस्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा पिकअप, ट्रैक्टर सहित अन्य वाहनों का रजिस्टर तैयार किया जा रहा है। ताकि किसी तरह की दुर्घटना होने पर उसकी तुरंत जानकारी मिल सके।

ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन की कमी के कारण लोग मजबूरी में पिकअप, ट्रैक्टर और अन्य मालवाहक वाहनों में यात्रा करते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की घटनाएं बढ़ रही हैं। इन दुर्घटनाओं में बड़ी संख्या में लोगों की मृत्यु हो रही है और कई घायल हो रहे हैं। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए पुलिस मुख्यालय रायपुर के निर्देशानुसार जांजगीर- चांपा पुलिस द्वारा व्यापक सड़क सुरक्षा अभियान प्रारंभ की गई है। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में पुलिस द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में थाना जांजगीर क्षेत्रांतर्गत के ट्रैक्टर - पिकअप वाहन मालिकों एवं चालकों का थाना स्तर में रजिस्टर तैयार किया जा रहा है। सभी वाहनों पर यातायात संबंधी महत्वपूर्ण हिदायतें लिखी जाकर स्टिकर चिपकाई जा रही हैं ताकि वाहन चालक और यात्री सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें। इस संबंध में वाहन चालकों, मालिकों को जागरूक की जा रही है। वहीं वाहन चालकों द्वारा सुरक्षा नियमों के अनदेखी करने पर संबंधित वाहन को जब्त कर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।



महुआ लहान नष्ट करती पुलिस।

# पुलिस ने दी दबिश, 50 बोरी महुआ लहान कराया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मालखरौदा

पुलिस ने दबिश देकर ग्राम चारपारा में 50 बोरी अवैध महुआ लहान नष्टीकरण कराया है। इस कार्रवाई से शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव तथा अनुविभागीय अधिकारी मनीष कुंवर के द्वारा क्षेत्र में हो रहे अवैध शराब बिक्री एवं तस्करी रोकथाम करने तथा अवैध महुआ लहान को नष्ट करने के लिए कड़ी कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है। इसके परिपालन में 1 अप्रैल को ग्राम चारपारा के तालाबों में डूबे हुए अवैध महुआ लाहन करीबन 50 बोरी को नष्ट किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक सतरूपा तारम, स.उ.नि. राधेश्याम राठौर, आरक्षक नन्ही यादव, महेंद्र कंवर, शत्रुघन जांगड़े का सराहनीय योगदान रहा।

### अज्ञात कारणों से युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**बिर्रा।** ग्राम सिलादेही के आश्रित ग्राम मौहाडीह में अज्ञात कारणों से एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी ईहलीला समाप्त कर ली। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की विवेचना में जुट गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सिलादेही के आश्रित ग्राम मौहाडीह निवासी युवक लक्ष्मी नारायण पटेल पिता दिलेराम पहले उम्र 37 वर्ष सोमवार की रात अपने घर के कमरे अंदर चला गया। सुबह घर के अन्य सदस्यों ने आवाज लगाई लेकिन कुछ जवाब नहीं दिया। अंदर से कमरे का दरवाजा बंद था। दरवाजा तोड़कर देखे तब पता चला कि लक्ष्मीनारायण पटेल ने म्यांर में फांसी लगा ली है। उसने गमछे का फंदा बना फांसी लगाकर आत्म हत्या कर लिया था। परिवार वालों ने घटना की सूचना थाने में दी। पुलिस घटनास्थल पहुंच मौका-मुआयना करते हुए युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। युवक किस वजह से आत्महत्या की है, यह अभी तक अज्ञात है। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।




### शबरी माता सेवा संस्थान के तत्वाधान में शिविर आयोजित

# जरूरत मंद का जीवन बचाने 100 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

रक्त की समस्या से जुझ रहे जरूरत मंद लोगों का जीवन बचाने के लिए 100 लोगों ने रक्त दान किया है। उक्त शिविर का आयोजन शबरी माता सेवा संस्थान के तत्वाधान में किया गया है। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन, स्वास्थय विभाग एवं जनप्रतिनिधी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

गौरतलब है कि शबरी माता सेवा संस्थान जांजगीर के द्वारा मंगलवार 1 अप्रैल को जिला अस्पताल जांजगीर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में 100 लोगो ने रक्तदान किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर आकाश छिकारा, चाम्पा एसडीओपी यदुमणी सिदार, सिविल सर्जन दीपक जायसवाल, अस्पताल प्रबंधक अंकित ताम्रकार, डाक्टर संदीप साहू, लोकेन्द्र कश्यप, के अलावा मंजूषा पाटले, शिव कश्यप, अजीत गढेवाल,मनोज नायक, अजय कहरा, रितेश यादव आदि उपस्थित थे। इस दौरान रक्त दान करने वाले युवाओ को प्रोत्साहित करते हुए प्रशस्ति पत्र के साथ स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। सेवा संस्थान के द्वारा रक्त की समस्या से जुझ रहे लोगों का जीवन बचाने के उद्देश्य से शिविर आयोजित कर लोगों को रक्तदान करने की अपील की जाती है, जिससे प्रेरित होकर लोग रक्तदान भी करते है। इसी कड़ी मंगलवार 1 अप्रैल को शबरी माता सेवा संस्थान के संचालक के के कश्यप के द्वारा 42 वीं बार, दिलेराम कश्यप ने 37 वीं बार सहित अन्य लोगों के द्वारा रक्तदान किया गया। संस्थान के द्वारा इस तरह का आयोजन समय-समय पर किया जाता है। जिला अस्पताल में पदस्थ लैब तकनीकी सहायक टी.एल. साहू मंगलवार को सेवा निवृत हुए। शबरी माता सेवा संस्थाके संस्थापक के.के. कश्यप युवाओं को रक्तदान करने एवं उनके फायदे के बारे में जागरुक कर युवाओं को रक्तदान करने की अपील कर रहे है। कार्यक्रम में अधिवक्ता शिव कश्यप, कैलाश कश्यप, अजीत गढ़ेवाल, विद्याभूषण महंत, यशवंत कश्यप, सुरेन्द्र जांगड़े, जादूराम साहू, उपेन्द्र देवांगन, मनोज नायक, ताराचंद चौधरी, अजय कहरा, अजय काटले, शत्रुहन साहू, उपेन्द्र साहू, रघुवीर,रितेश यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते अतिथि।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन




**कोरबा।** जिला कांग्रेस कार्यालय टी पी नगर कोरबा में जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष द्वय नत्थूलाल यादव एवं मनोज चौहान के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। जिला कांग्रेस कार्यालय महामंत्री सुरेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा के तत्वाधान में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष द्वय का सम्मान समारोह सोमवार को जिला कांग्रेस कार्यालय टीपी नगर कोरबा में आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल मुख्य आतिथ्य तथा रामपुर विधायक फुलसिंह राठिया, पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, मोहित केरकेट्टा, विधायक प्रत्याशी दुलेश्वरी सिदार विशिष्ट आतिथ्य के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, इंटक, सेवादल, पार्षदगण, पार्षद प्रत्याशीगण, पूर्व पार्षदगण, जिला पंचायत, नगर निगम, नगर पालिका जनपद पंचायत, नगर पंचायत के कांग्रेस जनप्रतिनिधिगण, कांग्रेस विभाग के समस्त मोर्चा संगठन प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए।

### तारमिस्त्री परीक्षा हेतु आवेदन 30 अप्रैल तक

**कोरबा।** संभागीय अनुज्ञापन समिति (विद्युत) बिलासपुर द्वारा प्रतिवर्षानुसार तारमिस्त्री परीक्षा जुलाई माह में लिया जाएगा। इस हेतु आवेदन 30 अप्रैल तक जमा करने की अंतिम तिथि है। उक्त परीक्षा हेतु बिलासपुर, मुंगेली, गौरेला-पेण्ड्रा मरवाही, कोरबा, जांजगीर-चांपा एवं सक्ती जिले के आवेदनकर्ता कार्यालय, कार्यपालन अभियंता (विद्युत सुरक्षा) एवं संभागीय विद्युत निरीक्षक, छत्तीसगढ़ शासन बिलासपुर संभाग बिलासपुर, प्रथम तल यू.डी.एम. हॉस्पिटल बिल्डिंग, होमगार्ड कैंपस के पास, कुदुदण्ड, बिलासपुर में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर तत्संबंध में जानकारी एवं निःशुल्क आवेदन फार्म प्राप्त कर सकते हैं।

### पेयजल की समस्याओं के निराकरण के लिए टोल फ्री नंबर जारी

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने गर्मी के मौसम में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने एवं हैंडपंप के संचालन/संधारण हेतु जिला स्तर पर पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन कर अधिकारी-कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। यह पेयजल प्रकोष्ठ 30 जून तक की अवधि तक प्रभावशील रहेगा। जिसके अंतर्गत नियंत्रण प्रकोष्ठ प्रभारी के रूप में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कोरबा के सहायक अभियंता श्री पीपीएस पैंकरा मोबाइल नंबर 8827511795 को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार मानचित्रकार पीएचई पीएल गढ़ेवाल मोबाईल नंबर 6265881469 एवं अनुरेखक पीएचई एस.एस. कोरीम मोबाइल नम्बर 9993321894 को नियंत्रण प्रकोष्ठ सहायक बनाया गया है।

### सरकारी व निजी पॉलिटेक्निक संस्थानों में प्रवेश हेतु आवेदन 11 तक

**कोरबा।** व्यापम द्वारा राज्य के सरकारी व निजी पॉलिटेक्निक संस्थानों में डिप्लोमा पाठयक्रमों में प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ प्री-पॉलिटेक्निक टेस्ट सीजी पीपीटी आयोजित की जाती है। शासकीय पॉलिटेक्निक एवं राज्य के अन्य पॉलिटेक्निक में प्रवेश के लिए आवेदन 13 मार्च प्रारंभ है जिसकी अंतिम तिथि 11 अप्रैल तथा एडमिट कार्ड 22 अप्रैल को जारी की जाएगी। वहीं परीक्षा तिथि 1 मई निर्धारित है। परीक्षा का प्रारूप ऑफलाइन होगा जिसकी अवधि 3 घंटे निर्धारित है।

### स्व.बिसाहू दास महंत की जयंती पर होगा कार्यक्रम

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के स्वप्नदृष्टा और महान जननेता स्व. श्री बिसाहू दास महंत की जयंती के अवसर पर आगामी 1 अप्रैल 2025 को श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम कोरबा के घंटाघर रोड स्थित बिसाहू दास महंत स्मृति गार्डन में दोपहर 12:30 बजे आयोजित किया जाएगा। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्व. श्री बिसाहू दास महंत की जयंती को सम्मानपूर्वक मनाने के लिए जिलेभर से गणमान्य नागरिक, राजनीतिक नेता और कार्यकर्ता एकत्र होंगे। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा डॉ. चरणदास महंत, कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन जयसिंह अग्रवाल, विधायक, पूर्व विधायक, जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष नत्थूलाल यादव और जिला ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान ने संयुक्त रूप से बताया कि श्रद्धांजलि कार्यक्रम में स्वर्गीय श्री महंत के आदर्शों और उनके योगदान को याद किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान स्वर्गीय श्री महंत के विचारों और उनके जनसेवा के संकल्प को नई पीढ़ी तक पहुँचाने पर भी जोर दिया जाएगा। इस अवसर पर उनके कार्यों को नमन करते हुए समाजसेवा और जनकल्याण के प्रति समर्पण को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया जाएगा।

---

#### 30 मार्च को विस्तार संयंत्र का शुरु किया गया निर्माण कार्य

# 250 करोड़ के निगोसिएशन के बाद भेल ने हासिल किया विस्तार संयंत्र का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने महज 250 करोड़ के निगोसिएशन पर ही कोरबा पश्चिम संयंत्र (एचटीपीएस) के 660 मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता वाली दो इकाईयों के विस्तार संयंत्र का काम लिया है। भेल ने 14 हजार 240 करोड़ के घरेलू प्रतिस्पर्धी बोली के तहत 250 करोड़ का निगोसिएशन कर 13 हजार 990 रुपए में यह आर्डर हासिल किया है। जिसके बाद भेल ने एचटीपीएस संयंत्र परिसर में नए विस्तार संयंत्र का काम शुरु कर दिया है।

**खास बात**
- आनन-फानन में बुलाई बोली, निगोसिएशन में बचाई जा सकती थी और राशि



कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारीगण।

उल्लेखनीय है कि भेल को कोरबा पश्चिम संयंत्र में 1320 मेगावाट सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्रोजेक्ट बड़ा ऑर्डर मिला है। बीएचईएल देश की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करने और पावर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के विजन को साकार करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। विस्तार संयंत्र में इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) आधार पर स्थापित करने के लिए राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी से घरेलू प्रतिस्पर्धी बोली के तहत, एक महत्वपूर्ण ऑर्डर प्राप्त किया है। जिसके तहत बीएचईएल के कार्य क्षेत्र में सुपरक्रिटिकल बॉयलर, टरबाइन, जनरेटर जैसे प्रमुख उपकरणों के डिजाइन, इंजीनियरिंग, विनिर्माण और आपूर्ति के साथ-साथ थर्मल पावर स्टेशन का संपूर्ण निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग शामिल है। कंपनी के कार्यक्षेत्र में एसओ एक्स उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए बीएचईएल द्वारा निर्मित अत्याधुनिक फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन (एफजीडी) उपकरणों की आपूर्ति भी शामिल हैं। यहां बताना होगा कि 1320 मेगावाट क्षमता वाले विस्तार संयंत्र से बिजली उत्पादन के बाद राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी की विद्युत उत्पादन क्षमता 2840 मेगावाट से बढ़कर 4160 मेगावाट हो जाएगी। वर्तमान में उत्पादन कंपनी की ताप एवं जल से कुल विद्युत उत्पादन क्षमता 2978 मेगावाट है। 15 हजार 800 करोड़ की इस परियोजना के कार्य शुभारंभ 30 मार्च को कार्यपालक निदेशक परियोजना सीएल. नेताम, मुख्य अभियंता पीके श्रीवास्तव एवं भेल के डीजीएम राजेश राव ने किया। इस दौरान भेल के 20 अभियंताओं की टीम उपस्थित रही।

---

# अलग- अलग सड़क हादसे में तीन की मौत



दुर्घटनाग्रस्त कार व मोपेड।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अलग अलग सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। तीनों ही मामलों में पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले दुर्घटनाकारित वाहन चालकों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है। पहली घटना पाली थाना क्षेत्र में घटित हुई है। पाली थाना क्षेत्र के माखनपुर स्कूल के पास कार क्रमांक सीजी 04 क्यूई 1463 ने मोपेड को टक्कर मार दी। हादसे में मोपेड सवार 35 वर्षीय राम प्रसाद पावले की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक चटवाभौना चैतमा का रहने वाला था। जो सब्जी का व्यवसाय करता था और गांव-गांव घूमकर सब्जियां बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। स्थानीय लोगों के अनुसार कार बेहद तेज गति से आई और सीधे मोपेड से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि राम प्रसाद वाहन से दूर जा गिरा। सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। घटना के बाद राहगीरों ने कार चालक को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सड़क हादसे की दूसरी घटना कटघोरा थाना क्षेत्र के सुतर्रा के समीप घटित हुई है।

**खास बात**
- कटघोरा, पाली व हरदीबाजार थाना क्षेत्र में हुई घटना

---

# हरिनाथ महासचिव तो एमएल रजक बने सचिव


बैठक में उपस्थित एटक के पदाधिकारी व सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्व में लिए गए निर्णय अनुसार एल्युमिनियम एम्पलाइज यूनियन (एटक) जो ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) से संबंद्ध का वार्षिक साधारण सभा, सम्मेलन 30 मार्च को मुस्ताक भवन एटक कार्यालय बालको नगर में संपन्न हुआ। सम्मेलन में अध्यक्ष मंडली के नाम की घोषणा की गई जिसमें राज्य एटक के महासचिव कामरेड हरिनाथ सिंह राज्य एटक के सचिव एमएल रजक, कोषाध्यक्ष एसके सिंह एल्युमिनियम एम्पलाइज यूनियन के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी अध्यक्ष मंडली में शामिल हुए। तत्पश्चात एल्युमिनियम एम्पलाइज यूनियन के महासचिव द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, प्रतिवेदन में यूनियन की स्थापना, इतिहास, केंद्र में शासित एनडीए की सरकार की मजदूर एवं किसान विरोधी नीतियों, बालको कारखाना की स्थापना एवं कारखाने में काम करने वाले मजदूरों की स्थिति, यूनियन के द्वारा पर 2024 में किए गए कार्य का विवरण प्रस्तुत किया गया। सम्मेलन के अंत में वर्ष 2025 के लिए पदाधिकारी का चयन किया गया, जिनमें अध्यक्ष हरिनाथ सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष एसके सिंह, उपाध्यक्ष एमएल रजक, पीके वर्मा, धर्मेंद्र तिवारी, श्रीमती संतोषी बरेठ, महासचिव सुनील सिंह, सहायक महासचिव धर्मेंद्र सिंह, नरसिम्हा राव, सचिव मनीष नाग, अभिषेक मिश्रा, रामायण यादव, अविनाश सिंह, संगठन मंत्री अनूप सिंह, कोषाध्यक्ष ताराचंद कश्यप, स्थायी आमंत्रीत सदस्य में आलेख मलिक, अजय यादव, डी श्रीनिवास, धर्मेंद्र शाह, लल्लू राव, श्रीमती विजयलक्ष्मी चौहान, मुकेश कुमार के अलावा 101 कार्यकारिणी सदस्य भी चुने गए हैं।

**खास बात**
- बालको एटक की बैठक संपन्न, नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन

---

# नगर पालिका बांकीमोंगरा में पीआईसी सदस्यों की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती सोनी कुमारी झा ने प्रेसिडेंट इन काउंसिल (पीआईसी) के सदस्यों की घोषणा कर विभिन्न समितियों के दायित्व सौंपे। यह निर्णय नगर विकास को व्यवस्थित और सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से लिया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्षा ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) ज्योत्सना टोप्पो से विचार-विमर्श कर आवश्यक रणनीतियां तय की। नगर विकास से जुड़े विभिन्न विभागों के कार्यभार संबंधित पार्षदों को सौंपे गए, जिससे शहर में सुचारू प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। प्रमोद सोना को स्वास्थ्य एवं अस्पताल समिति, श्रवण यादव को आवास, पर्यावरण एवं लोक निर्माण समिति, श्रीमती गायत्री कंवर को विधि, सामान्य प्रशासन एवं समन्वय परियोजना समिति-उपाध्यक्ष जल कार्य समिति रम्भा देवी कंवर, राजस्व एवं बाजार समिति दिलीप दास, शिक्षा, महिला एवं बाल कल्याण समिति - अमिला पटेल, खाद्य, नागरिक आपूर्ति, पुनर्वास एवं नियोजन समिति का दायित्व प्रमिला सायतोड़े को दिया गया है। नगर पालिका अध्यक्षा ने सीएमओ को निर्देश दिया है कि वे सभी समितियों के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें, ताकि नगर विकास से संबंधित योजनाएँ प्रभावी ढंग से लागू की जा सकें। साथ ही, उन्होंने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को नागरिकों की समस्याओं का समाधान तय समयसीमा में करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भवन निर्माण एवं पीएम आवास योजना के कार्यों को प्राथमिकता के साथ पारदर्शिता से पूरा किया जाए, ताकि जनता को योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके।


सोनी कुमार झा

---

*कोरबा। सेवा भारतीय कोरबा द्वारा आयोजित दत्तक ग्रहण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें कई प्रमुख लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष डॉ.विशाल उपाध्याय, सचिव सुनील जैन एवं उमा भारतीय सराफ मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

---

# शताब्दी वर्ष में आरएसएस करेगा लक्ष्य पूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस वर्ष अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे करने जा रहा है। शताब्दी वर्ष को लेकर अखिल भारतीय स्तर पर अलग-अलग लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। कोरबा जिले में संगठन की ओर से विभिन्न आयाम पर कार्य किए जा रहे हैं। शाखाओं को मजबूत करने के साथ काम का विस्तार किए जाने के उद्देश्य से गतिविधियां तेज की गई है। इसी के अंतर्गत कोरबा के ओपन थिएटर मैदान में सोमवार को सुबह 6 बजे से शाखा संगम का आयोजन किया गया। कोरबा शहर में शामिल पांच उपनगर की 20 शाखाएं यहां पर लगी। सैंकड़ों की संख्या में स्वयंसेवक इसमें शामिल हुए। उन्होंने अलग-अलग शारीरिक अभ्यास का प्रदर्शन किया। संघ के अधिकारियों ने इनका निरीक्षण किया और जरूरी मार्गदर्शन भी दिया। बताया गया कि दशहरा से पहले इस प्रकार के दो कार्यक्रम और किए जाने हैं। शाखा संगम में जिला, और उपनगर स्तर के अधिकारियों सहित स्वयंसेवक शामिल हुए। नगर कार्यवाह मृगेश यादव ने कहा कि शताब्दी वर्ष में अनेक कार्य सम्पादित होने है। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में शाखा विस्तार व अनुकरणीय कार्य को बढ़ावा दिया जाना है।

**खास बात**
- ओपन थियेटर में 20 शाखाओं का हुआ संगम


शाखा संगम में शामिल स्वयं सेवक।

---

# प्रसव शासकीय चिकित्सालय में ही कराएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य चिकत्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों की प्रगति के बारे में जानकारी दिया गया।

मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा में उन्होंने कहा कि किसी भी गर्भवती महिला को प्रसव हेतु प्रायवेट संस्था में रेफर न करें। अगर किसी प्रकार की शिकायत मिलती है तो कार्यवाही की जाएगी। एएनएम और मितानिन से जानकारी लेना है कि किन परिथितयों मे प्रसव निजि अस्पताल में हुआ। एचआरपी महिलाओं की जॉच प्रत्येक 9 एवं 24 को कराया जावे मेटरनल डेथ में देखा जाएगा कि वह महिला क्या एचआरपी थी। एचआरपी पर ज्यादा ध्यान देना है एचआरपी जितना कन्ट्रोल होगा उतना मेटरनल डेथ कम होगा। एचआरपी का डाटा रखना है। बैठक में कलेक्टर अजीत वसंत के द्वारा मानव संसाधन, भवन, मलेरिया, टीबी, कुष्ठ उन्मूलन, आयुष्मान भारत, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य,संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, परिवार कल्याण कार्यक्रम मातृ मृत्यु, शिशु मृत्यु, एसएनसीयू, आरबीएसके, विफस कार्यक्रम, सिकलसेल, अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम, मुख्य स्वास्थ्य कार्यक्रम, एनसीडी कार्यक्रम, एनक्यूएएस, तम्बाखू नियंत्रण कार्यक्रम तथा मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लक्ष्य एवं उपलब्धियों पर विस्तार से समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि डीएफएफ से नियुक्त कोई कर्मचारी त्यागपत्र देता है तो वेटिंग लिस्ट से नियुक्ति किया जाए, वेटिगं लिस्ट एक वर्ष के लिए मान्य होगा। कोई कर्मचारी काम नहीं करता है तो उसे वेतन न दिया जाए। उन्होंने कहा कि सौ दिवसीय अभियान में मिले पॉजिटिव केस का उपचार पर विशेष ध्यान दिया जावे तथा मॉनिटरिंग किया जाए।

**खास बात**
- कलेक्टर ने बैठक में कहा- निजी संस्था में रेफर न करें चिकित्सक

---

**कार्यालय, ग्राम पंचायत भुईगांव, जनपद पंचायत पामगढ़, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**बाजार नीलामी की सूचना**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है ग्राम पंचायत भुईगांव में रविवार को लगने वाले साप्ताहिक आम बाजार को सत्र 2025-2026 के लिए ठेके पर दिया जाना है। जिसकी नीलामी हेतु 10/04/2025 दिन गुरुवार को समय 11 बजे नवीन पंचायत भवन में नीलामी रखा गया है। कोई भी व्यक्ति अमानत राशि 20,000/- (बीस हजार रूपये) जमा कर बोली में भाग ले सकते हैं।

शेष नियम एवं शर्ते कार्यालयीन समय पर ग्राम पंचायत भवन भुईगांव में देखे जा सकते है।

सो सूचना जाने

**श्रीमती उर्मिला केंवट**
**सरपंच, ग्राम पंचायत भुईगांव**

जाँजगीर मार्केट

संजीवनी SPRHC फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
• फ्रेक्चर, प्लास्टर ऑपरेशन के बाद जोड़ो का दर्द, जकड़न, ना मुड़ना
• कमर, गर्दन, कंधा, घुटना, एड़ी का दर्द
• सियाटिका, वात, लकवा (हाथ, पैर, मुंह)
• नसों से संबंधित दर्द
डॉ. श्रीमती ममता साहू BAMS, MS (Surgery), CGO (Nagpur)
डॉ. योगेश साहू (P.T.) BPT, MPT (Ortho.), CMT, DNHE
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में चाम्पा
MO. 9691553615

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग — 24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
• न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
• तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
• पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
• डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
• गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
• क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
• आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
• हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
• तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
डॉ. दिलीप जैन M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
• पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट डॉ. प्रदीप जैन M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
सुविधाएं: दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
• दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
• दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
• मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का समूर्ण ईलाज
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट डॉ. सुमिता जैन B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग — 24/7 EMERGENCY SERVICES
• लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
• बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
• बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
• नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
• बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
• परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
• बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
• अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
सुविधाएं: सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लेडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
• फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सरकम सीजर (ख़तना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
• पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
• हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
• शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं: मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661



# चिरंजीवी ने शुरू की 'मेगा 157' की शूटिंग

**मुंबई।** मेगास्टार चिरंजीवी ने अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है, जिसका संभावित नाम 'मेगा 157' है। अभिनेता ने इस फिल्म के लिए निर्देशक अनिल रविपुडी के साथ मिलकर काम किया है। चिरंजीवी ने उगादी के अवसर पर फिल्म के सेट से कई तस्वीरें पोस्ट कीं, जो नई शुरुआत का प्रतीक है। फिल्म को अभिनेता वेंकटेश दग्गुबाती ने लॉन्च किया, जिन्होंने पहले फिल्म के क्लैपबोर्ड के साथ पोज दिया और फिर मेगास्टार के साथ गले मिले। चिरंजीवी ने 'मेगा 157' के पूजा समारोह से कई तस्वीरें साझा कीं।

लाइफ Style

# अदिति

## 'गजगामिनी चाल' पर नहीं मिला काम

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी ने बीते साल नेटफ्लिक्स की सीरीज 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' में अपनी गजगामिनी चाल वाले डांस से सबका दिल जीत लिया था। अदिति राव की तारीफ उन लोगों ने भी की थी जिन्हें सीरीज पसंद नहीं आई थी।

डायरेक्टर संजय लीला भंसाली की ये सीरीज काफी सुर्खियों में रही थी। अदिति राव हैदरी को भी सीरीज में निभाए किरदार 'बेबो जान' के लिए खूब तारीफें मिली थीं। लेकिन तारीफों के बाद भी अदिति राव को काम नहीं मिल रहा है। इसका दुखड़ा खुद अदिति राव हैदरी ने बताया है। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में हैदराबाद के शाही परिवार की लाडली अदिति राव ने बताया कि तारीफों के बाद भी काम का इंतजार है।

अदिति राव ने हाल ही में फराह खान के ब्लॉग्स में बताया कि भले ही उन्हें हीरामंडी के लिए खूब सराहा गया था लेकिन इसका कोई खास फायदा नहीं हुआ है। क्योंकि किसी ने भी अदिति राव को काम ऑफर नहीं किया है। अदिति बताती हैं, 'हीरामंडी जब रिलीज हुई तो लोगों ने इसकी खूब तारीफ की। लगातार कई दिनों तक लोगों से मैं तारीफें सुनती रहीं। मेरे किरदार को लेकर भी लोग खूब सराहना करते रहे। इसके बाद भी मुझे सीरीज के बाद काम नहीं मिला। सीरीज के बाद से काम का इंतजार रहा। ये काफी बुरा अहसास कराने वाली बात साबित हुई।' अदिति ने इस सीरीज में एक क्रांतिकारी तवायफ का रोल निभाया था।




हॉलीवुड मसाला



# डेबोरा ने पहले रखी नई शर्तें...

**लॉस एंजिलिस।** 27 साल शादी में रहने के बाद साल 2023 में ह्यू जैकमैन और डेबोरा-ली फर्नेस ने तलाक का ऐलान किया था। दोनों के अलग होने की खबरों ने फैंस से लेकर इंडस्ट्री के लोगों को भी हैरान कर दिया था। मगर इस मामले में हैरानी की बात है कि अभी तक दोनों कानूनी तौर पर अलग नहीं हो पाए हैं। जनवरी में, कपल न्यूयॉर्क में तलाक के लिए आवेदन करने से कुछ ही हफ्ते दूर थे मगर इस कहानी में एक नया टर्न आ गया है। अभिनेता की पत्नी का अब मानना है कि इस तलाक से वो अधिक पैसे की 'हकदार' है जितना कि जैकमैन उन्हें देने वाले थे।



# फिर लौटेंगे अवेंजर्स, शुरू हुई 'डूम्सडे' की शूटिंग...

**मुंबई।** मार्वल फिल्मों के दीवानों के लिए बहुत बड़ा खुशखबरी सामने आई है। 'एवेंजर्स एंडगेम' के बाद इसका अगला भाग 'एवेंजर्स डूम्सडे' आने वाला है, इसकी घोषणा मार्वल स्टूडियो द्वारा की गई। निर्माता ने स्टारकास्टों के नाम का भी खुलासा किया है। मार्वल स्टूडियो ने बीते बुधवार को जानकारी दी कि 'एवेंजर्स: डूम्सडे' फिल्म का निर्माण शुरू हो गया है। इसके साथ ही निर्माता ने कलाकारों के नाम का भी खुलासा किया, जिसमें उन्होंने बताया कि एमसीयू के कई दिग्गज कलाकार इसमें वापसी कर रहे हैं। इस नए भाग में कैप्टन अमेरिका, बकी बार्न्स, एंट मैन और लोकी के रूप में सभी एवेंजर्स इस भाग में वापस आ गए हैं। हालांकि, आयरन मैन इसमें नहीं नजर आएंगे। एंथनी और जो रूसो द्वारा निर्देशित इस फिल्म में सुपर विलेन डॉक्टर डूम के रूप में नजर आएंगे।



# देश को बड़े खतरे से बचाने निकले...


**मुंबई।** साउथ स्टार कार्ति की मच अवेटेड फिल्म 'सरदार 2' के मेकर्स ने सोमवार को ईद के मौके पर फैंस को बड़ा तोहफा दिया है। मेकर्स ने सफल जासूसी फिल्म के अगले भाग का आज फर्स्ट लुक और टीजर वीडियो जारी कर दिया गया है। इस फिल्म के जरिए कार्ति एक बार फिर बड़े पर्दे पर तहलका मचाने आ रहे हैं। 'सरदार 2' के मेकर्स ने ईद के मौके पर कार्ति के फैंस का दिन बना दिया है। मेकर्स ने फिल्म का एक टीजर वीडियो जारी किया है, जिसे प्रोलॉग वीडियो बताया है। लगभग तीन मिनट लंबे इस वीडियो में कार्ति जबरदस्त एक्शन अवतार में नजर आ रहे हैं। टीजर की शुरूआत में चीनी सेना दिखती है। चीनी सेना एक व्यक्ति से पूछती है कि क्या डेलीगेट अभी भी अंदर है? व्यक्ति कहता है हां, दरवाजा बंद हुए एक घंटा हो चुका है।



# साझा की 'थामा' के सेट से तस्वीर...

**मुंबई।** आयुष्मान खुराना इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'थामा' की शूटिंग में व्यस्त हैं। ये फिल्म दिनेश विजन और अमर कौशिक के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा है। दर्शकों को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। फिल्म के कलाकार अक्सर फिल्म से जुड़ी तस्वीरें अपने सोशल मीडिया पर साझा करते रहते हैं। अब अभिनेता आयुष्मान खुराना ने फिल्म की शूटिंग के दौरान की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की है। आयुष्मान खुराना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म 'थामा' के सेट से एक तस्वीर साझा की है। ये तस्वीर शूटिंग के वक्त की है। आयुष्मान की तस्वीर में शूटिंग के उपकरण नजर आ रहे हैं, साथ ही सेट पर कई लोग भी दिखाई पड़ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ आयुष्मान ने हैशटैग थामा के साथ लिखा है 'ग्रेवयार्ड शिफ्ट'।

टीवी मसाला



# क्या काजल पिसल निभाएंगी दया बेन की भूमिका?

**मुंबई।** टीवी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' लंबे वक्त से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। इस शो का हर किरदार बेहद खास है और दर्शकों से सीधे तौर पर जुड़ा है। मगर, जेठालाल और दयाबेन की बात ही अलग है। दयाबेन का किरदार अभिनेत्री दिशा वकानी ने बड़ी ही खूबसूरती से अदा किया। साल 2017 में वे मैटरनिटी लीव पर चल गईं। तब से फैंस शो में उनकी वापसी का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, अब दिशा वापस नहीं आएंगी। शो के निर्माता असित मोदी भी इसकी पुष्टि कर चुके हैं। कहा जा रहा है कि मेकर्स को दिशा का रिप्लेसमेंट भी मिल गया है। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावे किए जा रहे हैं कि अभिनेत्री काजल पिसल अब 'तारक मेहता' शो में दयाबेन की भूमिका करती दिखेंगी। इस तरह के कयासों पर खुद काजल ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इसे दावों को फेक न्यूज बताया है। काजल ने स्पष्ट किया है कि वे 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में दयाबेन की भूमिका नहीं अदा कर रही हैं। हालांकि, काजल ने यह भी कहा कि उन्होंने शो के लिए ऑडिशन दिया था।

## 'सुंदरता के चक्कर में गंवाए कई प्रोजेक्ट्स'



**मुंबई।** करण वाही टेलीविजन के एक मशहूर अभिनेता हैं। वो कई धारावाहिक में नजर आ चुके हैं। हाल ही में करण वाही ने एक खुलासा करते हुए कहा कि ज्यादा सुंदर होने का भी कई बार नुकसान उठाना पड़ जाता है। अभिनेता ने कहा कि सुंदरता के चक्कर में बहुत प्रॉब्लम होती है। आखिर ऐसा क्या हुआ जो एक अभिनेता को इस तरह की बात कहनी पड़ी। करण वाही हाल ही में कॉमेडियन भारती सिंह के पॉडकास्ट में पहुंचे थे। यहां उन्होंने अपने करियर और आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर बात की। इस दौरान करण ने अपने साथ हुए एक वाकये को भी बताया, जिसमें उन्हें सुंदर होने के चक्कर में नुकसान हो गया। अभिनेता ने कहा, "मुझे मुख्य अभिनेता की तुलना में ज्यादा सुंदर होने के कारण कई प्रोजेक्ट्स से हाथ धोना पड़ा है। हालांकि, ये बात मुझे कभी सामने से नहीं बताई गई, बल्कि मुझे दूसरों से इसके बारे में पता चला। मुझे इसके पीछे की सोच कभी समझ में नहीं आती। अगर मैं किसी शो में लीड एक्टर हूं, तो भी मैं उसमें वैल्यू ऐड करूंगा न।

# फैंस के बीच फंसे कार्तिक वायरल हो रहा वीडियो...

**मुंबई।** अभिनेता कार्तिक आर्यन इस समय अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसी बीच उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह भीड़ से गुजरते हुए दिखाई दे रहे हैं। जानिए आखिर क्या हुआ ऐसा कि अभिनेता को फैंस ने घेरा। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में कार्तिक आर्यन सड़क पर फैंस के बीच घिरे नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो में अभिनेता अपने प्रशंसकों से तस्वीरें खिंचाते दिख रहे हैं और ऑटोग्राफ भी देते नजर आ रहे हैं। यह वीडियो गंगटोक का बताया जा रहा है। वहां मौजूद अभिनेता की गाड़ी को सुरक्षाकर्मियों ने घेर रखा है। कुछ देर फैंस से मिलने के बाद वह अपनी गाड़ी में चले जाते हैं। अनुराग बसु के निर्देशन में कार्तिक आर्यन और श्रीलीला अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। अभी हाल ही में उन्होंने सिलीगुड़ी में शूटिंग समाप्त की है, जिसकी एक तस्वीर दोनों ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की थी, जिसे फैंस द्वारा खूब पसंद किया गया था। इस फिल्म को लेकर चर्चा काफी तेज है। इससे पहले शूटिंग सेट से दोनों की बाइक पर सैर करते तस्वीरें भी वायरल हो चुकी हैं।



# 'सिकंदर' की ईद पर 26 करोड़ की फीकी कमाई




*मुंबई। निर्माता साजिद नाडियाडवाला और निर्देशक ए आर मुरुगादॉस की फिल्म 'सिकंदर' की रिलीज के पहले दिन इसे मिले स्क्रीन्स और शोज की संख्या आप जानेंगे तो हैरान रह जाएंगे। करीब 5500 स्क्रीन्स पर एक साथ रिलीज हुई फिल्म के रविवार को करीब 22 हजार शोज की तैयारी इसके मेकर्स ने की। लेकिन, इतने तामझाम के साथ रिलीज हुई फिल्म 'सिकंदर' का मुकद्दर अच्छा नहीं दिख रहा। फिल्म ने रिलीज के पहले दिन रात 10 बजे तक सिर्फ 26 करोड़ रुपए की कमाई की। दो सौ करोड़ रुपए में बनी किसी फिल्म के लिए ये ओपनिंग अच्छी शुरुआत नहीं है। सलमान खान की आखिरी फिल्म साल 2023 में रिलीज हुई थी। यशराज फिल्म्स की इस पिक्चर 'टाइगर 3' ने भी रिलीज के पहले दिन अपने बजट का 20 फीसदी कलेक्शन नहीं किया था, लेकिन इसका पहले दिन का कलेक्शन 44.50 करोड़ रुपये था और इसे सम्मानजनक माना जा सकता है।*

# ओटीटी पर उपलब्ध हैं ये बॉलीवुड-हॉलीवुड की धांसू फिल्में, घूम जाएगा दिमाग...

*मुंबई। अप्रैल के पहले सप्ताह पर घरवालों के साथ ओटीटी पर देखिए ये बेहतरीन फिल्में। इस लिस्ट में देवा से लेकर मुफासा तक शामिल हैं। जानिए किस प्लेटफॉर्म पर देख सकेंगे ये शानदार बॉलीवुड-हॉलीवुड फिल्में। तो देर किस बात की इन फिल्मों का वीकेंड पर जमकर मजा लीजिए...*




**देवा :** शाहिद कपूर की फिल्म देवा इस लिस्ट में पहले नंबर पर है। यह फिल्म 31 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह फिल्म 2013 की मलयालम फिल्म मुंबई पुलिस का रीमेक है। सिनेमाघरों में यह फिल्म फ्लॉप रही थी, लेकिन अब इसे नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया गया है।

**विदुथलाई पार्ट 2 :** विजय सेतुपति अपनी शानदार एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं। उनकी फैन फॉलोइंग साउथ के साथ-साथ बॉलीवुड में भी है। विदुथलाई पार्ट 2 में क्रांतिकारी पेरुमल वाथियार की कहानी दिखाई गई है। इस फिल्म को वेत्रिमारन ने डायरेक्ट किया है। पहला पार्ट पहले ही ओटीटी पर आ चुका है और अब इसका दूसरा पार्ट जी5 पर उपलब्ध है।





**द लाइफ लिस्ट :** द लाइफ लिस्ट एक हॉलीवुड फिल्म है, जिसमें एक युवा लड़की की कहानी है। उसकी जिंदगी अपनी मां एलिजाबेथ की मौत के बाद बदल जाती है। यह 28 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है।

**डेन ऑफ थीव्स 2 :** डेन ऑफ थीव्स 2 एक हॉलीवुड फिल्म है। इसमें धमाकेदार एक्शन देखने को मिलेगा। यह फिल्म भी 28 मार्च को रिलीज हो चुकी है। इसे लायन्सगेट प्ले पर देखा जा सकता है। इस फिल्म में बिग निक ओ ब्रायन का किरदार फिर से नजर आएगा।



**मुफासा - द लॉयन किंग :** एनिमेटेड फिल्म मुफासा - द लॉयन किंग ने सिनेमाघरों में धूम मचाई थी। अब यह ओटीटी पर उपलब्ध है। डिज्नी ने अपने एक्स हैंडल पर इसकी ओटीटी रिलीज की घोषणा की थी। यह फिल्म 26 मार्च को जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो चुकी है। यह 2019 की फिल्म द लॉयन किंग का प्रीक्वल है।



# कपिल ने फैंस को दिखाई अपनी नई फिल्म की झलक...



**मुंबई।** कॉमेडी के किंग कहे जाने वाले कपिल शर्मा अब एक बार फिर बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं। कपिल शर्मा ने अपनी नई फिल्म को लेकर एक बड़ी अपडेट दी है। आज ईद के मौके पर कपिल ने अपनी नई फिल्म का पहला पोस्टर जारी कर दिया है। ईद के मौके पर कपिल शर्मा ने अपने फैंस को ईदी दी है। कपिल ने अपनी पहली फिल्म 'किस किसको प्यार करूं' के दूसरे भाग 'किस किसको प्यार करूं 2' का पहला पोस्टर आज जारी कर दिया है। इस पोस्टर में कपिल दूल्हे के रूप में नजर आ रहे हैं और उनके साथ दुल्हन के जोड़े में एक लड़की भी खड़ी है। हालांकि, दुल्हन लंबा घूंघट किए हुए है, इसलिए चेहरा नजर नहीं आ रहा है। इस पोस्टर को अपने इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए कपिल ने कैप्शन में सिर्फ ईद मुबारक लिखा है। साथ में कुछ इमोजी मेंशन किए हैं।

## खबर संक्षेप

### कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा शुरू



**नवागढ़।** नगर के साहू निवास में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं युवतियां शामिल हुई। नगर के प्रतिष्ठित ब्यवसायी पुनीराम साहू के निवास में भव्य कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा निवास स्थान से निकलकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए जलभरकर पुनः कथा स्थल पहुंची। ब्यासपीठ पर आचार्य राजेन्द्र महाराज विराजमान होंगे, जिनके श्रीमुख से नगर वासी कथा श्रवण करेंगे। करमा नृत्य के साथ निकले कलश यात्रा से नगर का माहौल भक्तिमय रहा।

### जय मां चंडी देवी मंदिर में जल रहे आस्था के दीप



**पामगढ़।** पामगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोड़ाभाट तालाब पार स्थित चंडी देवी मंदिर में चैत्र वासंती नवरात्रि पर्व पर असंख्य मनोकामना तेल ज्योति कलश प्रज्वलित आचार्य पं योगेश उपाध्याय जी द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया। गौरतलब है कि साल भर में दो बार क्वांर नवरात्रि और चैत्र वासंती नवरात्रि पर्व पर यहां विशेष पूजा अर्चना और दूर्गा सप्तशती पाठ किया जाता है। 6 अप्रैल को यज्ञ हवन पूर्णाहुति के साथ नवरात्रि का समापन होगा। आयोजन को लेकर अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह सहित जय मां चंडी सेवा समिति व समस्त ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### नवोदय विद्यालय चिस्दा में गौरव का हुआ चयन

**अकलतरा।** जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा आयोजित चयन परीक्षा में गौरव का चयन हुआ है।



ग्राम पकरिया झूलन के होनहार छात्र गौरव यादव का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा 6वीं के लिए हुआ। गौरव लीलाराम यादव और लक्ष्मीन यादव के पुत्र है। गौरव यादव के जवाहर नवोदय विद्यालय मे लिए चयन होने पर परिजनों, विद्यालय परिवार एवं ग्रामवासियों में हर्ष व्याप्त है।

### भावना को मिला जिला एवं ब्लॉक स्तर पर पोस्ट ऑफ द मंथ अवार्ड



**चांपा।** जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के सहयोग से संचालित आचार्य विनोबा भावे शिक्षक कार्यक्रम के अंतर्गत माह फरवरी में ब्लॉक स्तर पर पोस्ट ऑफ़ द मंथ अवार्ड एवं जिला स्तर पर बोलेगा बचपन के तहत पोस्ट ऑफ द मंथ अवार्ड शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कुरदा चांपा की शिक्षिका श्रीमती भावना मसीह को जिला समन्वयक राजकुमार तिवारी, ए पी सी प्रदीप शर्मा, विनोबा प्रोग्राम के मैनेजर अजहर द्वारा प्रमाण पत्र एवं गिफ्ट बैग देकर सम्मानित किया गया। विनोबा एप शिक्षक समुदाय के लिए एक ऐसा मंच है जहां शिक्षकों के कार्यों की पहचान होती है शिक्षक विद्यालयीन गतिविधियों को एप के माध्यम से साझा करते है यह एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है। यहां हर माह शिक्षकों के द्वारा पोस्ट किए गए उनके कार्य गतिविधियों को इस कार्यक्रम के माध्यम से पहचान कर शिक्षकों को उनके अच्छे कार्य के लिए विजेता घोषित कर ब्लॉक एवं जिला स्तर पर पोस्ट ऑफ द मंथ अवार्ड दिया जाता है ओपन लिंक्स फाउंडेशन की यह एक अभिनव पहल है शिक्षक समुदाय जुड़कर अपने नवाचारी गतिविधियों को अपलोड करते है। इस अवसर पर जिला समन्वयक अजहर, भूपेंद्र चंद्रा सहित जिले के शिक्षक गण उपस्थित थे।

### निधन

#### रामा राठौर

**जांजगीर-चाम्पा।** जिला मुख्यालय जांजगीर के पुरानी बस्ती के प्रतिष्ठित नागरिक (लोकतंत्र सेनानी)



रामा राठौर का 74 वर्ष की आयु में रविवार 30 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय रानी तालाब स्थित मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके जेष्ठ पुत्र अशोक राठौर ने दी। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में राठौर समाज के लोग सहित नगर व जिलेभर के समाज सेवी, जनप्रतिनिधिगण शामिल हुए। वे रामकुमार राठौर के बड़े भाई व रूपेश राठौर, श्रीमती रागिनी राठौर के पिता थे।

पूर्व मंत्री स्व. बिसाहूदास महंत के 101 जयंती पर किया याद

# बाबुजी के सपनों को पूरा करने राजनीति में आए : डॉ. महंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व मंत्री स्व बिसाहू दास महन्त की मंगलवार 1 अप्रैल को 101वीं जन्मजयंती समारोह सक्ती के बिसाहू दास महन्त उद्यान में आयोजित की गई। इस अवसर पर छग विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि बाबुजी के सपनों को पूरा करने राजनीति में आये हैं।

चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामकुमार यादव ने कहा कि स्व बिसाहू दास का महन्त का सपना था हर खेत को पानी हर हाथ को काम मिले, हम भले ही समृद्ध न हो हमारी आने वाली पीढ़ी समृद्ध हो ऐसे सोच के महामानव थे। पुर्व मंत्री नोवेल वर्मा ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्व बिसाहू दास महंत के रोम रोम में संत कबीर की सत्यता बसी थी। नवरात्रि पर्व एवं स्व बिसाहू दास महन्त के 101वीं जयंती के अवसर पर नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महन्त ने हरेठी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की। वहां के ग्रामवासियों ने नवनिर्वाचित सरपंच सारिका सोमेंद्र सिंह के नेतृत्व में स्वागत किया। नगर के मध्य कचहरी चौक पर पार्षद संतोष कुमार सोनी, रामसजीवन देवांगन, गजाधर यादव, रिक्की सेवक, लेखनी देवांगन, लालू प्रधान ने स्वागत किया। थाने परिसर के हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की। महामाई मन्दिर में डॉ महन्त ने पूजा अर्चना की। वहां आनंद अग्रवाल, उगेन्द्र अग्रवाल, भुरू अग्रवाल, हरीश अग्रवाल, सुभाष देवांगन, गीता देवांगन ने स्वागत किया। उसके पश्चात स्व बिसाहू दास महन्त उद्यान में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में पहुंचकर माल्यार्पण कर श्रध्दा सुमन अर्पित किया। वहां पर श्रीमती सुषमा जायसवाल, रीना गेवाडीन, जिला कॉग्रेस अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जायसवाल, गिरधर जायसवाल, पिंटू ठाकुर, महबूब खान, नरेश गेवाडीन, अमित राठौर, सधेश्वर गवेल ने स्वागत करते बिसाहू दास महन्त को श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम में नरेश गेवाडीन, पूर्व विधायक चैनसिंह समले, गुलज़ार सिंह, जनपद पंचायत सक्ती की अध्यक्ष नीतू ऋषि राय, उपाध्यक्ष बंशी खांड़े, जिला कॉग्रेस अध्यक्ष दादु जायसवाल, रश्मि गवेल, अमित राठौर, प्रीतम अग्रवाल, गिरधर जायसवाल, पिंटू ठाकुर, राइस किंग खूंटे, कुसुम यादव, रामु जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य सरोज डडसेना, सरपंच अशोक यादव, विशाल जांगड़े, संजय सिदार, ज्ञानिक खांड़े सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित रहे।



श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत एवं अन्य।


# कार्यकर्ता ही पार्टी की नींव, उनकी मेहनत से ही मिलती है जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर के अजंता परिसर में कांग्रेस पार्टी का ब्लाक स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नरियरा नगर पंचायत अध्यक्ष सहित 50 लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

कार्यक्रम में विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की नींव होते हैं और उनकी मेहनत से ही प्रत्याशी को जीत मिलती है। उन्होंने प्रदेश में भाजपा सरकार की विफलताओं को उजागर करने और कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी के हित में काम करने का आह्वान किया। साथ ही रबी फसल की धान समर्थन मूल्य पर खरीदने और किसानों की समस्याओं पर राज्य शासन का ध्यान आकर्षित करने की बात कही। लक्ष्मण मुकीम ने कहा कि कांग्रेस देश की सबसे पुरानी पार्टी है और स्वतंत्रता संग्राम मैं इसका महत्वपूर्ण योगदान रहा है।उन्होंने विकास कार्यों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर जोर दिया। रवि सिंह सिसोदिया ने पार्टी के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला और कार्यकर्ताओं से अपने-अपने बूथ पर जीत का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत नरियरा की अध्यक्ष राधिका सहगल, निर्दलीय पार्षद भवानी सिंह सहित 50 लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह नेउन्हें पार्टी का गमछा पहनाकर सदस्यता दिलाई। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद इमरान खान और आभार प्रदर्शन देवेंद्र जैन ने किया। इस अवसर पर अरुण सिंह राणा, महेश्वर टंडन, संतोष सिंह बैस ,खेमलाल मरावी, चूड़ामणि शर्मा, अनिरुद्ध वर्मा, मोहन यादव, शांतिलाल यादव, सौरभ सिंह, रामगोपाल कौशिक,अमित सिंह, नगर पालिका उपाध्यक्ष दिवाकर राणा, पार्षद राजू राठी, धनराज सिंह चौहान, शेख सिताय टंडन, विजय खांडेल, राज सिंह, नगर पंचायत नरियरा उपाध्यक्ष प्रीति दुबे, जितेंद्र सिंह, मदन सिंह बैस एवं कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

- **ब्लाक स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में नरियरा नगर पंचायत अध्यक्ष सहित 50 लोगों ने कांग्रेस पार्टी की ग्रहण की सदस्यता**



फूल माला पहनाकर पार्टी प्रवेश कराते विधायक।

## नकारात्मक प्रभाव को निकालने में राजयोग की अहम भूमिका



**मल्दा-बिर्रा।** प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के अंतर्गत सेवा केंद्र बिर्रा के अधीनस्थ ग्राम मल्दा गीतपाठशाला में नव निर्वाचित जनपद सदस्य, सरपंच, उपसरपंच एवं पंच गणों का सम्मान समारोह के साथ जागृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मल्दा क्षेत्र से नव निर्वाचित जनपद सदस्य के रूप में बहन सुनीता कश्यप, सरपंच शशि मित्तल, उप सरपंच सनी कश्यप, पंच गणों में तेरस कश्यप, रिंका कश्यप, पिली यादव, गुरूवारी कश्यप, साते बाई कश्यप, भागवत कश्यप सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे। जांजगीर, पेण्ड्री एवं भड़ेसर सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी चन्द्रिका बहन ने कहा कि मैं कौन हूं, कहां से आया हूँ और मुझे कहां जाना है इसके रहस्य को जानना ही सबसे बड़ी विद्या है जो हर राजयोग केंद्र में निःशुल्क सिखाया जाता है। वरिष्ठ अधिवक्ता कमलेश सिंह ने कहा कि मन को नकारात्मक प्रभाव से निकालने में राजयोग की बड़ी भूमिका है। धन्यवाद ज्ञापन मल्दा सरपंच शशि राम भगत मित्तल किया। कार्यक्रम के पहले शिव सन्देश रैली भी निकाली गयी। मंच का संचालन बी. के. फिरतु ने किया। कार्यक्रम में बिर्रा सेवाकेंद्र से ब्रह्मा कुमारी सरस्वती, जांजगीर से बी. के. सरस्वती सहित हसोद, कैथा, घिवरा से ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# शांति और सदभाव के संदेश के साथ हिंदू नववर्ष का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नगर हिंदू नव वर्ष आयोजन समिति के द्वारा इस वर्ष समाज के सभी वर्गों को के साथ मिलकर विक्रम संवत 2082 के चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा पर मनाया जाने वाले भारतीय हिंदू नव वर्ष का स्वागत हर्षोल्लास से नई खुशी और नई उम्मीद के साथ नगर के कचहरी चौक में विशाल भंडारा के साथ रात्रि में जसगीत सम्राट देवेश शर्मा के भक्तिमय जसगीत और भजन के साथ मनाया गया।

- **हुआ विशाल भंडारा और भक्तिमय जगराता का कार्यक्रम**

कचहरी चौक में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित भंडारा में नगर एवं आसपास क्षेत्र के सैकड़ो नागरिकों और श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन में नगर के हर समाज के लोगों ने आपसी भाईचारे के साथ शांति और सदभाव के संदेश देते हुए नववर्ष का स्वागत किया। इसी कड़ी में रात्रि 8 बजे से सी मार्ट प्रांगण में जसगीत सम्राट देवेश शर्मा और उनके साथियों द्वारा शानदार भक्ति और संगीत में जसगीतों और भजनों से शमा बांधते हुए दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। उन्होंने पथरा के देवता बोलत नईये,आमा पान के पतरी और तोला बंधव ओ दाई गीतों की प्रस्तुति दी। इस दौरान मनमोहक झांकियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। भक्तिमय संगीत का यह दौर आधी रात तक चलता रहा। दर्शकगण पूरे कार्यक्रम के दौरान झूमते रहे । कार्यक्रम के अंत में विधायक और जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह और विधायक व्यास कश्यप के साथ नगर के गणमान्य नागरिकों द्वारा आए हुए कलाकारों को शॉल, दुपट्टा और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। संचालन व आभार प्रदर्शन विवेक सिसोदिया ने किया। कार्यक्रम के दौरान दिनेश शर्मा, गुलजार सिंह, डॉ परस शर्मा, देवेश सिंह, प्रशांत सिंह ठाकुर, अशोक शर्मा, मणिकांत अग्रवाल, रफीक सिद्दीकी, रमेश पैगवार, लोकेश राठौर, मनोज पांडे, पार्षदगण श्रीमती रक्षा धीरज सिंह, रेखा सोनवान, जगदीश्वरी रवि सूर्यवंशी,योगेश चौरसिया, देवराज सिंह चंदेल सहित वर्षा सिंह राजपूत, सीमा राजू शर्मा, मनोरमा पाटेकर, गार्गी तिवारी,जितेंद्र देवांगन,अभिमन्यु राठौर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समिति के प्रिंस शर्मा, आशीष राठौर, टिकू शुक्ला,पार्षद विष्णु यादव, हीरा उपाध्याय, भैरव मिश्रा, प्रदीप बल्लू राठौर, धीरज सिंह बेस, सौरभ सिंह, दादू डॉन,संजय राठौर, पिंटू राठौर, मिंटू राठौर, अमित सिंह, पार्षद विक्की सिंह, गज्जू साहू, राजू बैसवार, मुरली गुरुनानी, भोलू यादव, राजा सिद्दीकी,रविराज राठौर,आकाश तिवारी, दुष्यंत यादव,कुलदीप सिंह,शैल राठौर बजरंग कटकवार, विजय टंडन, विजय सूर्यवंशी,अन्नू यादव, संतोष बबई, अनिल चौरसिया, गुड्डू पठान,नरसिंहा यादव, धर्मेंद्र यादव का प्रमुख सहयोग रहा।



लोगों को प्रसाद वितरण करते आयोजन समिति के पदाधिकारी।

## आत्मानंद स्कूल में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रमाण पत्र का वितरण

**हसौद।** भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा सत्र 2024 25 के परिणाम आने पर स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। बताते चलें कि 2024 25 सत्र की परीक्षा 19 अक्टूबर 2024 में छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश भर में 22 राज्यों में एवं केंद्र शासित प्रदेशों में एक साथ हुई एवं परीक्षा परिणाम आने पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल हसौद में 1 अप्रैल 2025 को स्वामी आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य गिरधारी नारायण साहू एवं स्टाफ एवं गायत्री परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस कड़ी में स्वामी आत्मानंद स्कूल हसौद में 12वीं का छात्र मनीष साहू पिता गुलाबचंद साहू पूरे ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल एवं अपने माता-पिता को गौरवान्वित किया इस पर स्कूल के समस्त स्टाफ ने प्रसन्नता जाहिर की एवं बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।



# सिंधी समाज ने धूमधाम से मनाया चेट्रीचंड पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

सिंधी समाज के द्वारा चेट्रीचंड पर्व हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया। पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष केके चंदवानी व उपाध्यक्ष नरेश हरगुनानी ने बताया कि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष के प्रतिपदाको भगवान झूलेलाल के अवतरण दिवस को चेट्रीचंड के रूप में मनाया जाता है।

चैट्रीचंड पर सिंधी समाज के द्वारा सुबह 5 बजे सिंधु भवन से भगवान झूले लाल को पालकी में सवार करके नगर में प्रभात फेरी निकाली गई,सुबह 10 बजे डीजे के साथ सिंधी समाज के युवकों ने नगर में बाइक रैली निकाली,दोपहर 12 बजे सिंधु भवन में भगवान झूलेलाल की पूजा अर्चना व आरती की गई एवं शाम 5 बजे भगवान झूलेलाल व बहराणा साहब की भव्य शोभायात्रा धुमाल के साथ निकाली गई। शोभायात्रा शास्त्री चौक, आजाद चौक, सब्जी मार्केट रोड, भगवान परशुराम मार्ग होते हुए रामकुटी मंदिर के पास पहुंची। रामसागर तालाब में पूजा अर्चना कर सिंधी समाज के लोगों ने ज्योति का विसर्जन किया। कार्यक्रम के सिंधी समाज के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल थे।दोपहर 1:00 बजे से सिंधी धर्मशाला में भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया जिसमें विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह, अरुण राणा,नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती दीप्ति सारथी, उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह राणा, रोहित सारथी, छत्तीसगढ़ चैंबर्स ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष विजय केडिया,लखन गुप्ता, वरीष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष रमेंद्र सिंह चौहान, रेल संघर्ष समिति अध्यक्ष संतोष अग्रवाल सहित नगर के गणमान्य लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में रमेश माधवानी, होलाराम चंदवानी, वीरेंद्र रावलानी, प्रकाश वाधवा, नानक रोहरा, गोपाल मंगलानी, अशोक अज्ञा, रतन चंदवानी, अनिल शादीजा, विनोद चंदवानी, विमल नागदेव, नारू माधवानी, कैलाश वाधवा, मुकेश नागदेव, संतोष होतचंदवानी, दीनू चंदवानी, दीपक माधवानी, रवि हरगुनानी उपस्थित थे।



शोभा यात्रा में शामिल समाज के लोग।

# धूम-धाम से मनाया गया ईद-उल-फितर, ईदगाह में अदा की विशेष नमाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नैला-जांजगीर

भाई चारे और सौहाद्र का प्रतीक मुसलमानों का प्रमुख त्यौहार ईद-उल-फितर का त्यौहार नगर में बड़े धूम-धाम से मनाया गया। रमजान का पाक महिना पूरा होने के बाद शव्वाल महिने की पहली तारीख को मनाया जाने वाला ईद का त्यौहार खुशियों और भाईचारे का त्यौहार है। सुबह से ही नगर के विभिन्न ईदगाहों में नगर एवं आस-पास क्षेत्रों के मुस्लिम समाज के छोटे-बड़े बुजुर्ग नये परिधान के साथ ईदगाह पहुंचकर सबसे पहले ईद की विशेष नमाज अदा की। नमाज के बाद मुस्लिम जमात के लोगों ने देश में अमन शांति, भाई-चारा की कामना करते हुये अल्लाह से दुआ मांगी। नमाज अदायगी के बाद लोग गले लगकर एक-दूसरे को ईद की बधाई और मुबारकबाद दी। नमाज के बाद घर जाकर लोगों ने सेवाईयां खाई । इस दौरान प्रमुख रूप से विधायक ब्यास कश्यप, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रमेश पैगवार, भगवानदास गढ़ेवाल, विवेक सिसोदिया, मदरसा ए मदनी कमेटी के अध्यक्ष रफीक सिद्धिकी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



समाज के लोगों के साथ उपस्थित विधायक ब्यास कश्यप एवं अन्य।

## दमदार कहानी व बेहतरीन संगीत का संगम

# छत्तीसगढ़ी फिल्म 'मया बिना रहे नइ जाए' ताने-बाने और इंमोशन्स से भरपूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

एवीएम गाना ऑडियो, वीडियो कंपनी के बैनर तले बनी छत्तीसगढ़ी फिल्म ''मया बिना रहे नइ जाए'' 4 अप्रैल से चांपा एवं बिलासपुर सहित प्रदेश भर के सिनेमा घरों में रिलीज होने जा रही है। दमदार कहानी और बेहतरीन संगीत के संगम के साथ फिल्म में सामाजिक कुरीतियों को दूर करने की कोशिश के साथ पारिवारिक व मनोरंजक मसाला है।

यह बातें फिल्म निर्माता संतोष कुर्रे तथा उनके पुत्र निर्देशक दीपक कुर्रे ने कही। यहां होटल रीत में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होनें बताया कि फिल्म के हीरो-हीरोईन असल जिंदगी में भाई-बहन है जो पहले भी कई हिट एल्बम गीतों में साथ नजर आ चुक हैं। फिल्म का निर्देशन कर रहे दीपक कुर्रे को छत्तीसगढ़ी फिल्म इण्डस्ट्री का लंबा अनुभव है, जिन्होंने मशहूर निर्देशक सतीश जैन के साथ बतौर सहायक काम किया है। उन्होंने बताया कि संगीतकार कैलाश मांडले ने फिल्म के गीतों को कर्णप्रिय बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। फिल्म के निर्माता संतोष कुर्रे ने बताया कि करण-किरण की जोड़ी को एल्बम गीतों में दर्शकों से जबर्दस्त प्यार मिला है जिसके चलते उन्होंने फिल्म निर्माण का फैसला लेकर इनकी जोड़ी को दर्शकों के सामने उतारा है। फिल्म पारिवारिक ताने-बाने और इंमोशन्स से भरपुर है जिसके दमदार गाने, शानदार अभिनय और बेहतरीन निर्देशन इसे खास बनाता है। फिल्म के निर्माता ने बताया कि प्रदेश में बिना किसी शासकीय मदद के फिल्मों का निर्माण हो रहा है। उन्होंने बताया कि फिल्म के टैक्स फ्री होने से सिनेमा घर संचालकों को नुकसान होता है जिसके चलते वे नहीं चाहते कि यह फिल्म प्रदेश में टैक्स फ्री हो। उन्होंने कहा कि छ.ग. फिल्म इण्डस्ट्री के अनुज शर्मा के विधायक बनने के बावजूद अब तक यहां के फिल्म उद्योग को कुछ नहीं मिल पाया है। उन्होंने बताया कि दक्षिण भारत में 3500 सिनेमा घरे हैं जबकि प्रदेश में 50 से 60 सिनेमा घर ही संचालित हैं जिसके चलते यहां निर्माताओं को ज्यादा कमाई नहीं हो पाती। बावजूद इसके छत्तीसगढ़ी फिल्म के दर्शकों के लिए 4 अप्रैल से फिल्म 'मया बिना रहे नई जाए' रिलीज के लिए तैयार है जिसके सफल होने के पूरे आसार है।



पत्रकारों से चर्चा करते फिल्म के निर्देशक व कलाकार।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 25 मई से 02 जून 2025, 04 जून से 12 जून 2025
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411